आईआईडीसी ने की ग्राउण्ड ब्रेकिंग समारोहों में शिलान्यास की गई निवेश परियोजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

- *ग्राउण्ड ब्रेकिंग समारोहों में जिन निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास किया जा चुका है, उनका सुचारू एवं बाधारहित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए*
- *यदि निवेशक सम्पर्क नहीं भी करते हैं, विभागों द्वारा परियोजनाओं की प्रगति व फीडबैक निरन्तर रूप से लेना चाहिए*

–आईआईडीसी, श्री आलोक टण्डन

- *आईटी इलेक्ट्रॉनिक्स, पर्यटन, नवीकरणीय ऊर्जा, खाद्य–प्रसंस्करण सेक्टरों से सम्बधित लगभग 35 परियोजनाओं के कार्यान्वयन की हुई समीक्षा*
- *करीब 20 निवेशकों से हुआ त्रिपक्षीय संवाद एवं समस्या निवारण*

लखनऊ, 19 मार्च 2020

गत् वर्ष फरवरी में यू.पी. इन्वेस्टर्स समिट 2018 के सफल आयोजन तथा जुलाई 2018 एवं जुलाई 2019 में लगभग 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये के निवेश की लगभग 370 परियोजनाओं के शिलान्यास के उपरान्त अब उत्तर प्रदेश सरकार इन निवेश परियोजनाओं के सुचारू व शीघ्रातिशीघ्र क्रियान्वयन के लिए तत्पर है।

इस संबंध में आज यहां योजना भवन में **अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, श्री आलोक टण्डन** की अध्यक्षता में निवेशकों के साथ एक संवाद सत्र आयोजित किया गया। **अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव, श्री आलोक कुमार** तथा **सचिव, औद्योगिक विकास व अधिशासी निदेशक उद्योग बन्धु–श्रीमती नीना शर्मा** ने संबंधित विभागों के सचिवों सहित निवेश परियोजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए लगभग 20 निवेशकों के साथ आईटी इलेक्ट्रॉनिक्स, पर्यटन, नवीकरणीय ऊर्जा, खाद्य–प्रसंस्करण सेक्टरों से सम्बधित लगभग 35 परियोजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी), श्री आलोक टण्डन ने कहा कि ग्राउण्ड ब्रेकिंग समारोहों में जिन निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास किया जा चुका है, उनका सुचारू एवं बाधारहित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। **उन्होंने कहा** कि यदि निवेशक सम्पर्क नहीं भी करते हैं, विभागों द्वारा परियोजनाओं की प्रगति व फीडबैक निरन्तर रूप से लेना चाहिए।

श्री आलोक कुमार ने निवेशकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को प्रदेश की घोषित नीतियों में दी गई समस्त सुविधाएं व प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

वर्ल्ड ट्रेड सेंटर डेवलपमेंट कम्पनी, टेग्ना इलेक्ट्रॉनिक्स, वीवो मोबाइल्स, हायर अप्लायन्सेस, भलोटिया फूड्स, नेचर फ्रेश, सनसोर्स इनर्जी, आईटीसी, पेप्सिको, आनंदी मैजिक वर्ल्ड, विज़न ग्रीन इन्फ्रावेंचर्स, एसजीएस

कन्सट्रक्शन्स, माल होटल, आनंद मंगल इन्फ्रारेड डवलपर्स, सूर्या फ्रेश फूड्स, अल–हक फूड्स, टलेट्टूतई सोलर प्रोजेक्ट्स, बेस्टिल सोलर इत्यादि 35 से अधिक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने संवाद में भाग लिया।

इस वृहद् बैठक में आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा, राजस्व, पर्यटन, आवास, खाद्य–प्रसंस्करण, वन एवं पर्यावरण, आबकारी विभाग तथा यूपीसीडा सहित अन्य औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के उच्चाधिकारियों ने भाग लिया।

....